पेज थ्री देहरादून

एसएसपी कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोग।



देहरादून, शनिवार 20 जुलाई, 2019

# हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे स्टेशन पर हाथी को देख मची भगदड़

**संवाददाता** देहरादून। शुक्रवार की सुबह उस समय ऋषिकेश के रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में भगदड़ मच गई, जब जंगल से निकलकर एक हाथी ने दिल्ली से आ रही ट्रेन का रास्ता रोक दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5.30 बजे दिल्ली से ऋषिकेश आ रही ट्रेन के सामने रेलवे ट्रैक पर एक हाथी खड़ा हो गया। वह स्टेशन के कुछ दूरी पर ही खड़ा था। वह काफी देर तक रेलवे ट्रैक पर ही जमा रहा।

### हरेला किसी क्षेत्र या दल का नहीं पूरे राज्य का पर्व

**संवाददाता** देहरादून। मंगला देवी इंटर कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूर्य कांत धस्माना ने आज ईसी रोड स्थित मंगला देवी इंटर कालेज प्रांगण में स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं व स्कूल के बच्चों के साथ फलदार वृक्षों का रोपण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ष्हरा भरा हो राज्य हमारा ष्में बच्चों को सम्बोधित करते हुए श्री धस्माना ने कहा कि हरेला पर्व आज किसी क्षेत्र या दल का नहीं बल्कि पूरे राज्य का पर्व बन चुका है।

### घरेलू बांस उत्पादन के संवर्धन के लिए वैकल्पिक रणनीतियों पर विचार

**संवाददाता** देहरादून। वनों और कृषि भूमि दोनों में बांस एक महत्वपूर्ण बहु–उपयागी पौधे के रूप में उभर रहा है। एक व्यापारिक वस्तु के रूप में समावेशी विकास, विदेशी व्यापार संतुलन के साथ–साथ जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में लचीलापन बनाने में योगदान करने की उत्कृष्ट क्षमता है। जैसा कि घरेलू बांस उत्पादन क्षेत्र और उत्पादकता में गिरावट आई है, डेमेन में घरेलू बांस उत्पादन के संवर्धन के लिए वैकल्पिक रणनीतियों पर विचार किया गया है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए वन अनुसंधान संस्थान, दून ने डेमो विलेज के तहत धूलकोट में 17 से 19 तक ''बांस की खेती एवं उपयोग'' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

### जीवी ने लांच किया दमदार पावर बैक और फोन एन 3720

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे तेजी से उभरते घरेलू मोबाइल फोन ब्रांड जीवी मोबाइल्स ने नई और उन्नत तकनीक के साथ पारंपरिक हैंडसेट – फीचर फोन एन 3720 को उत्तराखंड के बाजार में नए रंग–रूप, दमदार पावर और फीचर के साथ उतारा है। यह फोन नए फीचर 'स्मार्ट कनेक्ट'से युक्त है जिसको ब्लूटूथ के माध्यम से किसी अन्य स्मार्टफीचर फोन से जोड़ा जा सकता है और कॉल रिसीव करने से लेकर म्यूजिक बजाने तक काम करता है।

# दिव्यांगों के लिए चलायी जाने वाली योजनाओं में तेजी के निर्देश

**बैठक**

नियम के अनुसार दिव्यांग जनों को सभी सुविधाऐं दी जाएः आर्य

दिव्यांग अधिनियम–2016 को शक्ति से पालन कर लागू किया जाए

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश समाज कल्याण मंत्री यशपाल आर्य ने विधान सभा, सभाकक्ष में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक ली। राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड की प्रथम बैठक में मंत्री यशपाल आर्य ने सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के कल्याण हेतु चलायी जाने वाली योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा दिव्यांग अधिनियम–2016 को शक्ति से पालन कर लागू किया जाए।

नियम के अनुसार दिव्यांग जनों को सभी सुविधाएं दी जाएं। भारत सरकार से प्राप्त दिव्यांग जनों के कल्याण हेतु 1 करोड़, 65 लाख रूपये का उपयोग प्रदेश सभी जनपदों में स्थित, सरकारी कार्यालयों में, रैम्प निर्माण, लिफ्ट निर्माण एवं विशेष कक्ष जैसे सुविधा हेतु दिव्यांग जनों के कल्याण हेतु व्यय किया जाएगा। बैठक में उपस्थित श्रम, शिक्षा, खेल एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से दिव्यांग जनों के कल्याण हेतु योजना में समन्वित योगदान देने के निर्देश दिये। मंत्री ने कहा कि दिव्यांग जन, दया के पात्र नहीं हैं बल्कि दिव्यांग जनों का कल्याण करना हमारा दायित्व है। सभी को सरकार की मंशा और अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना चाहिए। बैठक में कहा गया कि सभी जनपदों में नये मानक के अनुसार दिव्यांग जनों का सर्वे करा लिया जाए।



समाज कल्याण मंत्री यशपाल आर्य राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड की बैठक लेते हुए।

दिव्यांग अधिनियम–2016 में दिव्यांग जनों की सात श्रेणियों को बढ़ा कर 21 श्रेणियाँ कर दिया गया है। इस सन्दर्भ में निर्देश दिया गया है कि व्यापक परिप्रेक्ष्य में दिव्यांगता को देखा जाए। दिव्यांग जनों को समाज की मुख्यधारा में लाकर सशक्तिकरण किया जाए। दिव्यांगजनों का पहचान कार्ड बनाया जाए। यह भी कहा गया कि प्राथमिक चिकित्सालय स्तर पर भी विकलांगता सर्टिफिकेट बनाने का प्रबन्ध किया जाए।

विकलांग कल्याण हेतु रोजगार परक कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया। समाज कल्याण विभाग की बैठक में राज्य में चलाये जाने वाले पेंशन योजना की भी समीक्षा किया गया। निर्देश देते हुए कहा गया कि जुलाई तक समस्त पेंशन का वितरण कर दिया जाए एवं अगस्त माह से तीन माह के स्थान पर प्रतिमाह पेंशन वितरण का प्रबन्ध किया जाए। वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्याक्ता पेंशन के कुल 716877 पेंशनरों में से, 632508 लाभार्थियों को जून तक 21076 लाख, दो अरब दस करोड़ छियहत्तर लाख रूपये द्वितीय किस्त के रूप मे दिये गये। शेष पेंशनरों को भी उनका अंश जुलाई के अन्त तक दे दिया जायेगा। बैठक में अपर सचिव रामविलास यादव, अपर सचिव समाज कल्याण योगेन्द्र यादव, अपर सचिव बाल विकास झरना कमठान, अपर सचिव श्रम उमेश नारायण पाण्डेय, निदेशक समाज कल्याण विनोद गोस्वामी इत्यादि अधिकारी मौजूद थे।

### हिमालयी राज्यों के प्रतिनिधि अपने अनुभवों को साझा करेंगेः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि 28 जुलाई को होने वाले हिमालयन कान्क्लेव में सभी हिमालयी राज्यों के प्रतिनिधि अपने–अपने अनुभवों को साझा करेंगे। किस प्रकार हिमालयी राज्य न्यू इंडिया में योगदान दे सकते हैं, इस पर भी विचार विमर्श होगा। मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी हिमालयी राज्यों की परिस्थितियां कमोबेश एक जैसी हैं। पर्यावरण को संरक्षित रखते हुए किस प्रकार पर्वतीय क्षेत्रों का विकास किया जा सकता है, इस पर मंथन किया जाएगा और कान्क्लेव में प्राप्त निष्कर्षों का ड्राफ्ट नीति आयोग को सौंपा जाएगा। मीडिया द्वारा पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव को केबिनेट निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा करने को निर्देशित किया है। हमारी सरकार के समय लगभग सभी केबिनेट निर्णयों पर कार्यवाही हुई है। केबिनेट के 100 प्रतिशत निर्णयों पर निर्धारित समय अवधि में अमल सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसलिए मुख्य सचिव को केबिनेट निर्णयों की क्रियान्विति के लिए लगातार मॉनिटरिंग को कहा गया है।

### जल संरक्षण सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में मीडिया से अनौपचारिक वार्ता करते हुए जल संरक्षण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल की उपलब्धता चाहे वह झीलों में हो या प्राकृतिक जल स्रोतों में, इस दिशा में समेकित प्रयासों के आधार पर नियोजित ढंग से कार्य किया जा रहा है, उन्होंने वर्षा जल संग्रहण की दिशा में कार्य किये जाने की भी बात कही। इसे भी अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। झीलों, प्राकृतिक जल स्रोतों व वर्षा जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी कार्य योजना के साथ हम भविष्य के लिये जल की आवश्यकता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# सैकड़ों पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**सदस्यता**

■ विधायक गणेश जोशी ने दिलाई सदस्यता

देहरादून। **संवाददाता**

देहरादून के ओएनजीसी में कार्यरत कांट्रेक्ट यूनियन के सैकड़ों पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। एक कार्यक्रम के दौरान मसूरी विधायक गणेश जोशी ने सभी कर्मियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। यह सभी ओएनजीसी कांट्रेक्ट यूनियन के पदाधिकारी भारतीय मजदूर संघ के साथ जुड़े हैं। शुक्रवार को देहरादून के राजेन्द्र नगर स्थित एक वैंडिंग प्वाइंट में सैकड़ों ओएनजीसी कांट्रेक्ट यूनियन के पदाधिकारियों ने भाजपा की सदस्यता ली और पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। स्थानीय पार्षद नंदनी शर्मा ने कहा कि हमें एकजुट होकर कार्य करने के साथ–साथ पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुँचाना होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मसूरी विधायक गणेश जोशी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और कई सदियों तक यह नम्बर एक पर ही बनी रहेगी। उन्होंने पार्टी की सदस्यता लेने वाले कार्यकर्ताओं का पुष्पगुच्छ देकर पार्टी में स्वागत किया और उन्हें सदस्यता क्रमांक भी उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र में मेरे द्वारा किये कार्यों का लाभ जनता को मिल रहा है या नहीं, इसका संज्ञान लेना भी कार्यकर्ताओं को लेना चाहिए और कार्य की गुणवत्ता से मुझे अवगत कराना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को शीर्षता देकर जो कार्य किये गये हैं उनका प्रचार–प्रसार करना भी कार्यकर्ता का दायित्व है।





भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले विधायक गणेश जोशी के साथ में।

### सदस्यता ग्रहण की

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी महानगर के मंत्री लच्छू गुप्ता के प्रयास से 60–70 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।